श्री बलराम जाखड़ : महोदय, हमने अभी तक कोई मिक्सिंग नहीं की है। ग्राउंडनट आयल अलहदा है, रेपसीड आयल अलहदा है, पामोलीन अलहदा है । जहां तक पैकिंग का सवाल है तो केवल एक किलोग्राम नहीं बल्कि अब तो छोटे-छोटे 200 ग्राम के भी पैक आने लगे हैं । कोई दिक्कत इस मामले में नहीं आई है। मैं माननीय सदस्य को आश्वासन देना चाहता हूं कि इस मामले में कोई चिंता की बात नहीं है । मशीनों के मुतल्लिक बात आप करते हैं तो कोई चीज है तो मुझे बता दीजिये । यह सिर्फ उन लोगों की बात है जो हमारे कोआपरेटिव सैक्टर का सफाया करना चाहते हैं ।

SHRI SOM PAL: Honourable Chairman, I do recognize that NDDB has acquired, during the past years, a welcome capability of influencing market prices in favour of consumers through its market intervention operations, but one of its primary objectives is to provide support to the farmers at the time of harvest through bulk purchases of oilseeds and oil in the market. During the past two years it has been observed that NDDB start their operations much after the harvest and thereby do not provide the required support to the producers. Rather, in that way they provide support to the traders who have already acquired the crop. So my question through you, Sir, is will the honourable Minister consider giving a directive to the NDDB that they start their purchase operations right at the time of beginning of the harvest?

SHRI BALRAM JAKHAR: I can assure the honourable Member that nothing will be spared to safeguard the interests of the farmers. Not only that. We have made tank farms here. I would like to show the honourable Member, some day, what we envisage to do. Because we have got more than 100,000 tonnes of storage capacity only at Delhi, we have to purchase and store it to use it later on for equitable distribution.

SHRI SOM PAL: My particular question is about a directive regarding the date of starting purchases.

SHRI BALRAM JAKHAR: I will do everything possible. Don't worry about it.

श्री विट्ठलभाई मोतीराम पटेल : सभापति जी, एन०डी०डी०बी० कोआपरेटिव में अच्छा काम कर रहा है लेकिन उसके खिलाफ निरन्तर कोई न कोई बातें करते रहते हैं क्योंकि व्यापारी लोग नाराज हो जाते हैं । आइल मिल वाले नाराज हो जाते हैं। इसलिये उनको इनकरेजमेंट मिलना चाहिये ।

श्री बलराम जाखड़ : आप निश्चित रहिए । किसानों की मिल्कियत है उस मिल्कियत की पूरी रक्षा की जायेगी, उसको बढ़ावा दिया जायेगा । यही एक साधन है जिसकी मार्फत किसानों के घर में पैसा पहुंचेगा ।

Running of Goods Train without a Driver

*282. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL:†
SHRI GHUFRAN AZAM:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether a goods train covered nearly 103 km. without driver on the Moradabad line on the 19th July, 1991 at a speed of 60 km. as reported in the Indian Express dated the 21st July, 1991;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have ordered a probe into the incident; and

(d) if so, the action Government propose to take against the erring officials so as to obviate the recurrence of such an incident?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes, Sir. The train

†The question was actually asked on the floor of the House by Shri Harvendra Singh Hanspal.

श्री सभापति : दयानन्द सहाय से चलेगी । इनका कहना है दयानन्द सहाय से चलायेंगे क्या ?

SHRI MALLIKARJUN: Sir, as the House has already been informed, necessary things will be taken up. As just now the Minister also said, recurrence of such incidents would not be there in future. An educative drive has also been launched for the past one week for drivers and others. This incident occurred in between. In fact, the drive was launched on 22nd July. (*Interruptions*).

SHRI DAYANAND SAHAY:....I appreciate that this has happened. Can he go further?

श्री सभापति : यह भगवान सहाय है सब मामला । क्वेश्चन नम्बर 283 ।

SHRI TINDIVANAM G. VENKATRAMAN: Sir, I want just one minute.

MR. CHAIRMAN: No. I have called Question No. 283.

जलाशयों की आयु

*283. **श्री अनन्तराम जायसवाल :** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भाखड़ा नांगल समेत प्रत्यक बड़े जलाशयों की उनके निर्माण के समय अलग-अलग कितनी आयु कूती गई थी ;

(ख) क्या यह सच है कि इन जलाशयों में अत्याधिक गाद एकत्रित हो जाने के कारण यह आयु घट कर बहुत कम रह गई है, यदि हां, तो उसका जलाशय-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उपरोक्त जलाशयों में ऐसी अत्याधिक गाद एकत्रित हो जाने के क्या कारण हैं और उन्हें दूर करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

(क) से (ग) देश में वृहद जलाशयों की 100 वर्ष आयु की योजना बनायी गयी है । देश में भाखड़ा जलाशय सहित कुछ वृहद जलाशयों की आयु नीचे दिए अनुसार आंकी गयी है :

बांध/जलाशय का नाम	जलाशय की अनुमानित आयु	क्षमता हानि का प्रतिशत	
		सक्रिय भंडारण	अवधि
1. मैथान (बिहार)	246 वर्ष	14.0	24 वर्ष (1955–79)
2. पोंग (हिमाचल प्रदेश)	100 वर्ष	3.35	12 वर्ष (1974–86)
3. तुंगभद्रा (कर्नाटक)	200–300 वर्ष	14.84	32 वर्ष (1953–85)
4. गांधी सागर (मध्य प्रदेश)	100 वर्ष	2.3	16 वर्ष (1960–76)
5. गिरना (महाराष्ट्र)	100 वर्ष	7.2	14 वर्ष (1965–79)
6. हीराकुंड (उड़ीसा)	400 वर्ष	14.5	27 वर्ष (1957–84)
7. भाखड़ा (पंजाब)	180 वर्ष	5.78	29 वर्ष (1957–85)

travelled for 94 kilometres and could have attained the speed of 60 kmph over a stretch.

(b) The train started rolling when the Driver and his Assistant had got down to attend to the train near Matlabpur station and could be only stopped at Karengi station by a person who managed to get into the locomotive.

(c) Yes, Sir.

(d) Prima-facie, the Driver is responsible and disciplinary action is contemplated against him. Meanwhile, an educative drive has been launched.

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : चेयरमैन महोदय, मुझे खुशी है कि मंत्री महोदय ने बात मान ली कि ऐसा हुआ कि बगैर ड्राइवर और उसके असिस्टेंट के ट्रेन चली । लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि सदन में जब सवाल किया जाता है तो उसको पूरी जानकारी सदन को देनी चाहिए । यह जवाब इस किस्म का है जिससे पूरी इंफरमेशन नहीं मिलती, थोड़ी सी दी जाती है और थोड़ी सी रोक ली जाती है । इसमें आज तक कोई ऐक्शन ड्राइवर के खिलाफ या असिडेंट के खिलाफ लिया गया है, उसका कोई जिक्र नहीं है । शायद यह इंसिडेंट 19 जुलाई का है और आज 2 अगस्त हो गई, हमें यह मालूम नहीं हो सका कि उसके बारे में क्या ऐक्शन लिय गय है या नहीं ?

इसके अलावा यह जानकारी भी हमें चाहिए कि जैसे उन्होंने कहा कि— गाड़ी ने 94 किलोमीटर की दूरी तय की जिसके कुछ भाग पर उसकी रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटा रही । तो ऐक्चुअली वह ट्रेन किस स्पीड से गई ? अगर 94 किलोमीटर चलकर गई तो कितना टाइम उसको लगा वहां जाने में और कितने स्टेशन उसने पास किए ? इंजन लोकोमोटिव था, डीजल था या इलेक्ट्रिक था ? उसमें नार्मली कितना स्टाफ होता है जब कि दो स्टाफ के लोग बाहर रह गए ? बाकी लोग कहां थे और कितनी स्पीड पर गाड़ी चली क्योंकि अगर इलेक्ट्रिक इंजन था तो क्या वह इतनी फास्ट हो गई कि वे उसमें चढ़ ही नहीं सके । मेरा यह कहना है कि ड्राइवर को...

श्री सभापति : आपने बहुत सारे सवाल पूछ लिये उनका जवाब आने दीजिए । पता नहीं इतने सवाल इनको याद रहेंगे या नहीं ?

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : यह नोट कर रहे हैं । यह इतनी कम इन्फरमेशन क्यों देते हैं ?

श्री कमल मोरारका : आंसर में जो कमियां थी वह बता रहे हैं ।

श्री सभापति : यह तो पूछ रहे हैं कि कौन सा इंजन था, कितना समय लिया, कौन-कौन से स्टेशन आये ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : ठीक है, फिलहाल मैं इतने ही क्वेश्चन करता हूं ।

श्री सभापति : और पूछना चाहें तो पूछ लीजिए ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : फिलहाल इतने ही हैं ।

SHRI MALLIKARJUN: Sir, it is the Down Howrah Goods Special which is hauled by WDW2 diesel locomotive. About the driver...

MR. CHAIRMAN: How many persons are there to operate it?

SHRI MALLIKARJUN: In this WDW diesel locomotive two persons are allowed, one, the Driver and the other, the Assistant Driver. So far as the question of the Driver is concerned, the Driver has been suspended. This is a diesel locomotive.

He wanted to know the time taken. It has taken one hour and twenty-five minutes.

Then, so far as the stations are concerned, it has passed through 13 stations from Matlabpur to Karengi. It started from Matlabpur.

What has happened is that because of sudden vacuum drop the train suddenly stopped. Then the Driver sent the Assistant Driver to look into it. Meanwhile the Driver also got down. The Guard also went there. The hose pipes were found disconnected. Those hose pipes they were connecting. However, an enquiry was ordered, and the enquiry revealed that there was clearly the fault of the driver because he had not kept the throttle handle where it should remain, number one, and number two, the reversal handle also he had left as it is because if the reversal handle is pulled the locomotive gets locked. So, such lapses were there on the part of the Driver. When the brakes were released, the train started moving.

MR. CHAIRMAN: You have suspended the Driver?

SHRI MALLIKARJUN: Yes, Sir, he has been suspended.

MR. CHAIRMAN: How did it stop?

SHRI MALLIKARJUN: About how it stopped, that story is diffrent. This goods train was carrying cattle in it. There were 27 wagons in which cattle were carried from Howrah. There were 50 cattle-attenders there. So, one of the cattle-attenders, by name Mohd. Anwar Hussain, somehow or other managed to enter into the locomotive. Various fixtures he might have tried, and the train stopped. Of course, Sir, it is a little very interesting for hon. Members and others to know this. So, at Karengi, at the outer signal he was able to stop the locomotive. That is how it has happened.

MR. CHAIRMAN: So, the cattle attendet has stopped it. Have you given him any award or anything else?

SHRI MALLIKARJUN: Immediately Rs. 5,000 was sanctioned to Mohd. Anwar Hussain. Apart from that we are going to reward him in terms of employment or in terms of any...

SHRI PRAMOD MAHAJAN: You employ him as a Driver.

MR. CHAIRMAN: He will keep your suggestion in view.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, if without training he could stop a running train, it is better you employ him without training.

MR. CHAIRMAN: Mr. Mallikarjun, you keep Mr. Mahajan's suggestion in mind. You employ him as a driver and put all the Rajya Sabha Members in the train.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir, is it that you want to get rid the Members so that you can have a new Rajya Sabha.

MR. CHAIRMAN: No, he will stop it at the right time.

SHRI T. A. MOHAMMED SAQHY: Sir, is there any idea of the Government to run the trains without a driver?

श्री सभापति : भगवान के भरोसे दुनिया चलती है ।

श्री अनन्तराव देवशंकर दवे : क्या गिन्नीज बुक में लिखा जाएगा कि ऐसा इंसीडेंट हुआ है या कोई और भी है ?

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : मैंने सवाल पूछा था कि ट्रेन ने मेक्जिमम कितनी स्पीड एटेन की, इसका जवाब नहीं आया है ।

श्री सभापति : उन्होंने बताया है कि 60 किलोमीटर हो सकती है । कोई ड्राईवर नहीं था, कैसे बता दें ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : मैं स्पीड को छोड़ देता हूं । इन्होंने कहा कि ट्रेन को एक घंटा 25 मिनट लगे ।

SHRI MALLIKARJUN: I have to correct myself. It was two hours and twenty-five minutes.

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : दो घंटे 25 मिनट तक रेलवे मिनिस्ट्री वाले या नार्दर्न रेलवे वाले जब यह इंसीडेंट हुआ तो क्या करते रहे ?

श्री सभापति : आफिस में बैठकर काम कर रहे होंगे और ये राज्य सभा में बैठे होंगे ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : प्रेस में रिपोर्ट आई है कि रेलवे के लोगों ने कुछ लोग और बोल्डर्स ट्रेन के आगे फेंकने की कोशिश की, कुछ बड़े बड़े पत्थर ट्रेन के आगे फेंके ताकि ट्रेन रुक जाय या डिरेल हो जाय ।

श्री सभापति : डिरेल से तो लोग मर जाते ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : प्रेस ने कहा है । मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या रेलवे के पास कोई और टेक्नोलोजी ट्रेन को रोकने के लिए नहीं थी ? दो घंटे 25 मिनट तक रेलवे ने क्या एक्शन लिया ?

SHRI MALLIKARJUN: In all fairness, I may say, the driver immediately went to the Matlabpur Station and informed the Staff there. A red alert was made. Immediately the Divisional level Officers and others started planning a contingent plan on how to stop the train. It is very easy to derail it, but the officers thought it would not be appropriate to derail it. On the contrary they made an attempt to pile up ballast and sand so that the speed is reduced. They had been planning it. They were all alert. The whole route was made clear so that there would be no accident. All level-crossings were closed for road safety and other things. All the necessary steps to move the train freely were taken and they had been planning on how to stop it. Finally the train was stopped by that man. (*Interruptions*)

श्री शंकर दयाल सिंह : सभापति जी, यह रेलवे के इतिहास में एक अनहोनी घटना है कि बिना ड्राइवर के गाड़ी चली और जहां ड्राइवर के रहते गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जाती हैं वहां यह बात शुभ संकेत है कि बिना ड्राइवर के गाड़ी जो चली वह दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुई । सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सबसे पहले मंत्री महोदय को करेक्ट करना चाहता हूं और जिन्होंने सवाल पूछे हैं उनको भी यह बताना चाहता हूं कि वे करेक्ट उत्तर सुने लें । वे गाड़ी की रफ्तार जानना चाहते हैं । गाड़ी की रफ्तार 60 किलोमीटर थी । मंत्री महोदय ने कहा कि गाड़ी ने 13 स्टेशनों को पार किया लेकिन मेरी सूचना है कि मतलबपुर से करेंगी तक 13 नहीं 15 स्टेशन पड़ते हैं । दूसरा, आपने जो यह कहा है कि अनवर को 5 हजार रुपये दिये गये । उसे 5 हजार नहीं, 1 हजार रुपया दिया गया । मैं इसलिये, सभापति जी, आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि लोग जो सूचनायें ग्रहण करते हैं वे ज्यादातर अंग्रेजी अखबारों के माध्यम से ग्रहण करते हैं । जो हिन्दी अखबार हैं, वे लोकल सूचनाओं को सही ढंग से देते हैं । लेकिन लोग हिन्दी अखबार पढ़ते नहीं जो उनको पूरी सूचना मिल जाये । स्थानीय समाचारों के अनुसार इस व्यक्ति ने इंजन के तमाम रंग-बिरंगे बटन दबाने शुरू कर दिये । इसमें है कि गाड़ी के एक वेगन में बैठे एक युवक ने बड़ी दिलेरी और बहादुरी दिखलाते हुए, जो कि 18 साल का अलीगढ़ का अनवर था, वह मालगाड़ी की छत से होता हुआ इंजन तक जा पहुंचा और उसने मालगाड़ी पर लगे तमाम रंग बिरंगे बटन दबाने शुरू कर दिये और उसकी यह कोशिश काम आ गई और गाड़ी चंदौसी से चार स्टेशन आगे पार करने के बाद रेलवे स्टेशन पर जाकर रुक गई। यह मालगाड़ी सुबह 4 बजकर 10 मिनट पर चलने के बाद 6 बजकर 5 मिनट पर रुकी । इन दो घंटे की अवधि में इसने 125 किलोमीटर का रास्ता पार कर दिया । फिर, डी०आर०एम० श्री सोमनाथ पांडे ने गाड़ी रोकने वाले उस बहादुर लड़के को एक हजार रुपये का इनाम दिया । महोदय, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि जिस व्यक्ति ने, जिस अनवर हुसैन ने इतनी बहादुरी का काम किया और जिस व्यक्ति ने इतनी बड़ी दुर्घटना को होने से बचाया, उसको एक हजार या पांच हजार जो भी दिया गया है, यह कोई रिवार्ड या सम्मान नहीं है । एक तो आपको मंत्री के नाते उसको बधाई पत्र भेजना चाहिये या

बुलाकर शाबासी देनी चाहिये और पूरे सदन को उसको बधाई देनी चाहिये जिसने एक ऐसी दुर्घटना को रोका। दूसरी बात यह है कि जब उसने इतने लोगों और जानवरों को बचाया तो उसको इनाम रिवार्ड भी मिलना चाहिये। यह जो 18 साल का लड़का है, इसको इनाम बिना सम्मान मिलना चाहिये और रेलवे में उसको नौकरी भी मिलनी चाहिये। मैं जानना चाहता हूं कि सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

SHRI MALLIKARJUN: Sir, there is no second opinion about the bravery of the boy. So far as the award of payment is concerned, a sum of Rs. 5000 will be paid to him. The hon. Member says that Rs. 1000 only has been paid. If there is any less payment, that will be covered. There is no problem about it. I am sure a bravery award will be given to him. In our Ministry, we are contemplating to give him a job. We will certainly appreciate the conviction and courage shown by Mr. Mohd. Anwar Hussain... (*Interruptions*)...

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: The Minister says that they are contemplating to give a job to Mr. Hussain. But we want a positive reply from the Minister about giving him a job.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Sir, it was a novel idea that the goods train had run without a driver. May I know from the Railway Minister whether he would examine in depth to run the trains without drivers because it will be very economical?

SHRI C. K. JAFFER SHARIEF: Sir, it was a very unusal incident that had taken place.

श्री चिमनभाई पटेल : शंकर दयाल सिंह जी ने जो इनकरेज दी है, हम तो चाहते हैं उनको रेलवे मिनिस्टर बना दिया जाये। ... (व्यवधान)

श्री प्रमोद महाजन : फिर तो एक तिहाई लोगों को ले जाना पड़ेगा।

श्री सभापति : उनका इशारा है, चिमनभाई कर रहे हैं कि वे रेड्डी साहब को भी ले जाने के लिये तैयार हैं।

SHRI C. K. JAFFER SHARIEF: Sir, I was saying, it is a very unsual incident and my colleague has clarified a lot of questions put in this regard. So far as the bravery of the boy is concerned, I am glad that all the Members from all the sections of the House have appreciated the utmost risk he had taken and the way he was able to go and stop the train. A preliminary inquiry is being held and it is not that we are completely satisfied with the inquiry. Further inquiries are being continued. Fortunately, in this particular incident, nothing has happened. So it is not serious. If anything had happened, it would have been most disastrous. It is for this reason that we are trying to go deep into this question. I am sure that we will try our best to see that this kind of incidents do not recur.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Sir, he has not replied to my question. (*Interruptions*).

MR. CHAIRMAN. He says you have not replied to his question whether you would like to run all the trains without drivers and save money.

SHRI C. K. JAFFER SHARIEF: Malaviyaji can give me any scheme that he has in his mind. If he gives it, I will go into it.

श्री दयानन्द सहाय : सभापति जी, यह बात ऐसी लग रही है कि बहुत हंसी हो गई है। मैं मानता हूं कि दुनिया में बड़े से बड़े आविष्कार एक्सीडेंटल हो जाया करते हैं। यह जो घटना घटी है इसमें रेल मंत्री की खिचाई में या मजाक उड़ायें, यह ठीक नहीं है। लेकिन अढ़ाई घंटे तक ट्रेन बिना ड्राइवर के चली। महोदय, दुनिया में पायलटलेस हवाई जहाज चल सकता है। क्या इस पर आगे रेल विभाग रिसर्च करेगा कि हम ट्रेन ड्राइवरलेस चलावें, यह मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं।